# छात्राओं को डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई

**टोंक।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत छात्राओं को स्मार्ट-क्लास रूम में असम राज्य की संस्कृति, भाषा एवं साहित्य, खेल आदि पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म के प्रदर्शन के माध्यम से छात्राओं को सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ बीएल बैरवा ने छात्राओं को असम राज्य के बारे में अधिकाधिक जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के प्रभारी एसएन खींची व समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

Scanned by CamScanner